आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 16.09.2024 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पर्यावरण अनुकूल विकास लक्ष्य प्राप्त करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता दोहराई।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री आवास योजना– शहरी के अन्तर्गत एक सौ एक लाभार्थियों को आवासीय भवनों की चाबी सौंपी।
- मुख्यमंत्री ने देहरादून में विद्युत उपभोक्ताओ के लिए स्मार्ट मीटर योजना की शुरुआत की।
- केंद्र सरकार ने एसएससी को परीक्षाओं के दौरान उम्मीदवारों के स्वैच्छिक आधार प्रमाणीकरण के लिए अधिकृत किया।

पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्यावरण अनुकूल विकास और शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता दोहराई है। श्री मोदी ने आज वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा निवेशक सम्मेलन और प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने गांधीनगर के महात्मा मंदिर में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का भी लोकार्पण किया। श्री मोदी ने गांधीनगर में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लाभार्थियों से बातचीत भी की। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकासशील देश होने के बावजूद भारत ने पेरिस में निर्धारित जलवायु प्रतिबद्धताओं को तय समय से नौ वर्ष पहले ही हासिल कर लिया है। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के साथ, भारत का प्रत्येक घर बिजली उत्पादक बन जाएगा।

प्रधानमंत्री आवास योजना

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज प्रधानमंत्री आवास योजना– शहरी के अन्तर्गत देहरादून, रुड़की और हरिद्वार के एक सौ एक लाभार्थियों को पक्के मकानों की चाबी सौंपी। देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत देशभर में लगभग 4 करोड़ लोग लाभान्वित हुए हैं। योजना के तहत उत्तराखंड में इकसठ हजार से ज्यादा जरूरतमंदों को पक्के मकान की स्वीकृति केंद्र सरकार से मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य हर गरीब जरूरतमंद को पक्का घर मुहैया कराना है, जिसके लिए सरकार निरन्तर प्रयासरत ळें कार्यक्रम में पहुंचे लाभार्थियो ने घर की चाबी मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए सरकार का धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि पक्के घर का सपना आज जाकर साकार हुआ।

सीएम जन्मदिन

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिवस पर प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गये। इस अवसर पर राज्य में जगह–जगह रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून स्थित राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान में दृष्टिबाधितार्थ बच्चों संग अपना जन्मदिन मनाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिव्यांग बच्चों की सर्वांगीण उन्नति के लिए प्रयासरत हैं। उधमसिंहनगर जिले में श्री धामी का जन्म दिन कल्याण दिवस और संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर नगर निगम रुद्रपुर ने एक कार्यक्रम में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को नजूल भूमि फ्रीहोल्ड योजना के द्वितीय चरण के तहत निःशुल्क मालिकाना हक दिया गया। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया।

भारतीय जनता युवा मोर्चा ने मुख्यमंत्री की विधानसभा चम्पावत में जन्मदिवस पर अस्पतालों में मरीजों को फल वितरित किये।

उधर, कोटद्वार में विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूडी भूषण ने पर्यावरण मित्रों को सम्मानित किया।

बौनस वितरण

अल्मोड़ा जिले के चौखुटिया के कोट्यूड़ा दुग्ध समिति में आज सातवां बौनस वितरण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में दुग्ध उत्पादकों को कुल एक लाख 46 हजार सात सौ ग्यारह रूपये लाभांश बौनस के रूप में वितरित किए गए। अल्मोड़ा दुग्ध संघ के अध्यक्ष गिरीश खोलिया ने कहा कि दुग्ध संघ ने जुलाई में दुग्ध उपार्जन में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने दुग्ध पदार्थों की बिक्री बढ़ाने में समितियों तथा जन सामान्य से सहयोग की अपील की ताकि दुग्ध उत्पादकों को अधिक मूल्य दिया जा सके।

स्मार्ट मीटर योजना

प्रदेश के लगभग सोलह लाख उपभोक्ताओं को अब स्मार्ट मीटर योजना का लाभ मिल सकेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून में विद्युत उपभोक्ताओ के लिए स्मार्ट मीटर योजना की शुरुआत की। गौरतलब है कि फोन की तरह स्मार्ट मीटर को भी अब रिचार्ज करना होगा, इससे बिजली चोरी पर काफी हद तक लगाम लगेगी। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में भूमिगत बिजली लाइन योजना का भी शुभारंभ किया।

पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन

नैनीताल जिले के धौलाखेड़ा लालकुआं में पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखंड लिमिटेड के 132/33 के.वी जी.आई.एस उपसंस्थान का शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी वर्चुअली प्रतिभाग किया। धौलाखेड़ा क्षेत्र में इस उपसंस्थान के शुरू होने से लोगों को बिजली की समस्या से निजात मिलेगी।

कार्यक्रम में सांसद अजय भट्ट ने कहा कि प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगने की शुरुआत हो गई है। इससे आने वाले समय में उपभोक्ताओं को काफी फायदा मिलेगा।

एसएससी

केंद्र सरकार ने कर्मचारी चयन आयोग– एसएससी को विभिन्न स्तरों की परीक्षाओं के दौरान उम्मीदवारों को स्वैच्छिक रूप से आधार प्रमाणीकरण के लिए अधिकृत किया है। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने परिक्षार्थियों को आयोग द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षाओं के विभिन्न चरणों में और पंजीकरण पोर्टल पर प्राथमिक पंजीकरण–ओटीआर के समय आधार प्रमाणीकरण के लिए अनुमति दी है।

एक राजपत्रित अधिसूचना में, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने एसएससी को इस संबंध में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा बनाए गए सभी नियम व कानूनों का पालन करने के लिए कहा है। यह बदलाव परीक्षार्थियों द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं में जालसाजी और धोखा–धडी की घटनाओं के बाद हुए हैं।

स्वच्छता ही सेवा अभियान

स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 कल से शुरू होकर 2 अक्टूबर तक चलेगा। इस वर्ष इसका विषय– स्वभाव स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता रखा गया है। इस अभियान के तहत पर्यटन स्थलों, सार्वजनिक भवनों, व्यावसायिक क्षेत्रों, जलाशयों, चिडियाघरों, अभयारण्यों और सामुदायिक तथा सार्वजनिक शौचालयों सहित विभिन्न स्थानों पर श्रमदान और सामूहिक रूप से बड़े पैमाने पर सफाई की जाएगी। देशभर में केन्द्र सरकार के सभी मंत्रालयों और राज्यों की ओर से इस सिलसिले में कई गतिविधियों की योजना है, जिनमें आम लोगों को शामिल किया जाएगा।

त्रियुगीनारायण

रुद्रप्रयाग जिले के त्रियुगीनारायण मंदिर प्रांगण में हर वर्ष लगने वाले बावन द्वादशी मेले का समापन हो गया है। मेले के समापन के अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान हुआ और देर रात तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। त्रियुगीनारायण मंदिर में लगने वाले मेले में हरियाली उगाई जाती है जो मुख्य प्रसाद के रूप में वितरित किया जाता है। मान्यता है कि इस स्थान पर भगवान विष्णु ने वामन अवतार में जन्म लिया था और त्रेता युग में भगवान शिव और पर्वती का विवाह भी यही पर हुआ था।

डीआईजी

उत्तराखंड पुलिस की ओर से राज्य की कानून व्यवस्था को दुरूस्त रखने के उद्देश्य से विभिन्न अभियान चलाए जा रहे हैं। गढ़वाल उपमहानिरीक्षक करन सिंह नगन्याल ने बताया कि प्रदेश में बढ़ती अपराधिक घटनाओं को देखते हुए पुलिस की ओर से एक सितंबर से वांछित अपराधियों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है। साथ ही जिन अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हो पा रही है, उन पर ईनाम घोषित किये जा रहे हैं। श्री नगन्याल ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस की ओर से किरायेदारों के सत्यापन भी कराए जा रहे हैं।

आपदा सचिव

पिथौरागढ़ जिले के धारचूला तवाघाट राष्ट्रीय राजमार्ग में चैतलकोट के पास रविवार को भारी भूस्खलन से आवाजाही अवरूद्ध है। मार्ग बंद होने की वजह से कई गांव का संपर्क धारचूला और अन्य बाजारों से कट गया है। जिला प्रशासन ने लोगों अनावश्यक आवाजाही न करने की अपील की है। आपदा सचिव विनोद कुमार सुमन ने बताया कि 50 से अधिक लोगों को सकुशल रेस्क्यू कर लिया गया है, जबकि अन्य लोगों को भी सुरक्षित निकालने का कार्य जारी है।

रेस्क्यू अभियान

पिथौरागढ़ जिले में आदि कैलाश यात्रा मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर फंसे  तीर्थयात्रियों को सकुशल रेस्क्यू कर लिया गया है। श्रद्धालुओं को हेलीकॉप्टर की मदद से रेस्क्यू कर धारचूला स्थित सेना के हैलीपैड पहुंचाया गया। इस दौरान हेलीकॉप्टर ने धारचूला से चौदह उड़ान भरीं और बुदी, खेला और सिरखा से कुल 63 लोगों की सकुशल सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। रेस्क्यू किए गए लोगों में विभिन्न राज्यों से आए 46 तीर्थयात्री शामिल हैं। इसके अतिरिक्त ऊंचाई वाले गांवों में रहने वाले 17 लोगों को भी हेली सेवा के जरिए सकुशल धारचूला पहुंचाया गया।

गौरतलब है कि 13 सितंबर को भारी बारिश और भूस्खलन के कारण आदि कैलाश यात्रा मार्ग के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालु फंस गए थे।

निरीक्षण

बागेश्वर के जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने गरूड़ के मेलाडुंगरी हेलीपैड और सिमार स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने हैलीपेड के विस्तार के लिए स्थानीय लोंगो से बातचीत कर आसपास की भूमि को अधिग्रहित करने के निर्देश दिए, साथ ही यात्री टर्मिनल हेलीपैड से कुछ दूर बनाने को कहा। उन्होंने विद्यालय में सुरक्षा के चलते अग्निशमन उपकरण लगाने और सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील रखने के निर्देश दिए।

ईद मिलाद–उन–नबी

पैगम्बर मोहम्मद का जन्मदिन ईद मिलाद–उन–नबी पर्व आज देश के विभिन्न भागों में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि पैगम्बर ने सभी लोगों को प्रेम और भाईचारे की भावना को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया और समाज में समानता और सद्भाव पर जोर दिया था। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने आशा व्यक्त की कि सद्भाव और एकजुटता हमेशा बनी रहेगी और चारों ओर खुशी तथा समृद्धि होगी।